## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी ले सकेंगे किसी भी विषय/सकाय में प्रवेश

**मण्डला।** स्नातक प्रथम वर्ष के लिए दिनाक 01 मई 2026 एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के लिए दिनाक 02 मई 2026 से प्रवेश प्रक्रिया उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर प्रारंभ होने जा रही है। 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी जो अपने मूल विषय/ सकाय के स्थान पर अन्य विषय/ सकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें प्रवेश हेतु पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। उक्त पात्रता परीक्षा में केवल चलित साक्षात्कार (Walk in Interview) होगा। उक्त साक्षात्कार की प्रक्रिया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेस, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में निशुल्क रूप से दिनाक 05.05 2026 से 1405 2026 तक प्रतिदिन कक्ष क्रमाक 07 में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे के बीच आयोजित होगी। उक्त पात्रता परीक्षा में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु निम्न विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेगे - कक्षा 12वी विज्ञान सकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष कला/ वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु। कक्षा 12वी कला सकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष विज्ञान/ वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु। कक्षा 12वी वाणिज्य सकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष कला/विज्ञान संकाय में प्रवेश हेतु। इसके साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में मेजर/ माईनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय/सकाय में प्रवेश लेना चाहते है. उन्हें भी उक्त साक्षात्कार में शामिल होकर पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। जिन विद्यार्थियों को इस प्रक्रिया में शामिल होना है वे इस आशय का हस्त लिखित आवेदन एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेज लेकर इस महाविद्यालय में उपरोक्तानुसार उपस्थित होगे।

### अवैध नशे के कारोबार पर अब हर समय रहेगी पुलिस की नजर

# अब नहीं बचेगा कोई भी अपराधी

*** नहीं जमेगी जुएं की फड़ और न ही लिखा जायेगा सट्टा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*हालांकि ड्रोन तकनीक काफी पहले से आई हुई है लेकिन अब पुलिस उसे अपना हथियार बना रही है तो निश्चित रूप से यह स्वागत योग्य कदम है हम तो यही मानकर चल रहे हैं कि इस तकनीक के माध्यम से निश्चित रूप से नगर में अपराधों पर अंकुश लगेगा और सिर्फ अपराध पर नहीं बल्कि उनकी गतिविधियाँ भी सार्वजनिक हो सकेगी जिन पर इन अपराधों को रोकने की जिम्मेदारी होती है।*





नगर में अभी तक जो पुलिस के छुपे हुये कैमरे लगे हुये हैं उनके माध्यम से अपराधियों को पकड़ा जाता रहा है किसी भी तरह का अपराध करके कोई भी अपराधी इन कैमरों की नजर से बचकर नगर की सीमा से आगे नहीं जा पाया है अब तो इसमें और भी इजाफा हो गया है कि अंधेरे में भी आसमान से इन अपराधियों पर नजर रखी जा रही है।



अब शराब के तस्करों को सावधान हो जाना चाहिये कि किसी भी स्थिति में रात में या सुबह-सुबह शराब की खेप न तो नगर में प्रवेश कर पायेगी और न ही किसी गांव की गलियों में दाखिल हो सकती है। लगभग तीन गुनी अधिक बोली लगाकर शराब दुकानों का ठेका लेने वाले व्यापारियों पर तो गाज ही गिर गई है अब यह अपने नुकसान की भरपाई कहां से कर पायेंगे नगर में यदि उनकी शराब नहीं बिकी तो बेचारे का धंधा ही कहां बचेगा।

अब जबकि जुएं की फड़ ही नहीं जमेगी तो न जाने कितनों के पेट पर लात पड़ने जा रही है। सट्टा पट्टी लिखने आप बैठे नहीं कि ड्रोन के जरिये आपको पकड़ लिया जायेगा अब जबकि सट्टा का व्यापार बंद हो जायेगा तो कितने सफेदपोश बेरोजगार हो जायेंगे और सिर्फ ये ही बेरोजगार नहीं होंगे बल्कि वे भी बेरोजगार होंगे जिनका रोजगार ऐसे बेरोजगारों के रहमों-करम पर निर्भर रहता है।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीकों, ड्रोन निगरानी, नियमित गश्त और सघन चेकिंग अभियान के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। शहर के अपराध संभावित स्थलों, सूनसान इलाकों और संदिग्ध गतिविधियों वाले क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता कैमरों से लैस ड्रोन के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है। विशेष रूप से अंधेरे और संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए अपराधियों में पुलिस की मौजूदगी का प्रभावी संदेश दिया जा रहा है।

इसके साथ ही मंडला पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग वाहनों के माध्यम से शहर एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में प्रतिदिन गश्त की जा रही है। कुंभ स्थल, सहस्त्रधारा, संगम, हाईवे, ढाबों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर थाना कोतवाली की महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग टीम द्वारा विशेष रूप से शाम के समय गश्त कर महिलाओं और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस द्वारा नशा, जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों के संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। वहीं, बम निरोधक दस्ता टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नैनपुर रेलवे स्टेशन पर भी बीडीडीएस टीम द्वारा सघन चेकिंग की गई।

# नैनपुर उपार्जन केंद्र में अमानक गेहूं रिजेक्ट, 76 प्रतिशत तक मिले चमक विहीन दाने

*** गुणवत्ता पर खरी नहीं उतरी गेहूं की खेप, तीन वाहनों का माल लौटाया, अपग्रेड के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले के नैनपुर स्थित म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के उपार्जन केंद्र में गेहूं की गुणवत्ता जाँच के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। विभिन्न वाहनों से प्राप्त गेहूं निर्धारित मापदंडों पर खरा नहीं उतरा, जिसके चलते उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया।

वाहन क्रमांक एमपी 20 एचबी 3747 से आए गेहूं के परीक्षण में चमक विहीन दानों की मात्रा 76 प्रतिशत पाई गई, जो तय सीमा से काफी अधिक है। इसी प्रकार वाहन क्रमांक एमपी 22 एच 4590 में सिकुड़े, कुचले एवं टूटे दानों की मात्रा 15.2 प्रतिशत दर्ज की गई। इसे भी मानक से अधिक पाए जाने पर रिजेक्ट करते हुए अपग्रेड करने की सलाह दी गई है, ताकि पुनः जमा किया जा सके।

वाहन क्रमांक एमपी 28 एच 1799 में भी इसी प्रकार की खामियाँ पाई गईं, जहां खराब दानों की मात्रा 15.54 प्रतिशत रही। इसे भी मानक से अधिक होने के कारण अस्वीकृत किया गया है। उपार्जन केंद्र द्वारा संबंधित समिति को निर्देशित किया गया है कि अनलोड किए गए खराब स्कंध का तत्काल उठाव किया जाए और रिपोर्ट का अवलोकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने साफ किया है कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और तय मानकों के अनुरूप ही गेहूं की खरीदी सुनिश्चित की जाएगी।

## उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान.....................

**मण्डला।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री अनिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रहा। कक्षा 10वीं में कुल 218 विद्यार्थियों में से 31 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 201 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। वहीं कक्षा 12वीं में 253 विद्यार्थियों में से 10 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए तथा 236 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विशेष रूप से 130 विद्यार्थियों का चयन मुख्यमंत्री लैपटॉप योजना के लिए हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कछवाहा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी मेहनत जिले को नई पहचान दिलाएगी। समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कल दिनांक 30/04/2026 को पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला शिव कुमार वर्मा द्वारा जिले के लंबित महिला एवं पुरुष मर्ग प्रकरणों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के लंबित राहत प्रकरणों, गंभीर अपराधों, लंबित चालान, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित अपराधों का त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### विशेष अभियानों की समीक्षा

बैठक में दिनांक 26/04/2026 से संचालित विशेष हेलमेट अनिवार्यता अभियान की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु लगातार वाहन चेकिंग, यातायात जागरूकता एवं बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं दिए जाने संबंधी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु कहा गया।



साथ ही ऑपरेशन मुस्कान अभियान अंतर्गत दस्तयाब किए गए बालक-बालिकाओं की समीक्षा की गई। स्थानीय सूचना तंत्र, तकनीकी सहायता,अन्य प्रयासों के माध्यम से गुम बालक-बालिकाओं की सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशीलता एवं सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### NDPS, साइबर अपराध एवं पुलिसिंग पर विशेष फोकस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा NDPS एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई, महिला एवं बाल अपराधों में संवेदनशील विवेचना, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

यातायात जागरूकता के अंतर्गत PM राहत, 'राहवीर' योजना एवं कैशलेस इलाज योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। माइक्रोबीट अधिकारियों को निर्धारित निर्देशों का अनिवार्य पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सभी थाना/चौकी प्रभारियों को क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थानों एवं सरकारी संस्थानों में CCTV कैमरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, डायल-112 की प्रभावी उपलब्धता बनाए रखने, CCTNS में समयबद्ध जानकारी फीड करने, नियमित गश्त, वाहन चेकिंग, निगरानी बदमाशों पर सतत कार्रवाई एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, एसडीओपी बिछिया श्री सौरभ तिवारी, एसडीओपी नैनपुर श्री मनीष राज, एसडीओपी निवास श्री पी.एस. वालरे, सभी थाना/चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचायत सचिव मनोहर मरावी हुये सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास





निवास के लधाटोला वार्ड निवासी सचिव मनोहर मरावी आज अपने पंचायती दायित्वों से मुक्त हो गये। स्टॉफ के लोगों ने स्वागत कार्यक्रम कर बिदाई दी, जिसमें जिले के पदाधिकारी भी शामिल हुये। ज्ञात हो कि श्री मरावी 1987 से 2026 तक ब्लॉक अध्यक्ष एवं 3 साल जिला अध्यक्ष साथ ही निवास ग्राम पंचायत सहित अनेकों बड़ी ग्राम पंचायतों में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया, इस बीच इन्हें खट्टे मीठे अवसरों का भी सामना करना पड़ा तब भी आप अपनी कार्य कुशलता से डटे रहे। सह कर्मियों व जनपद पंचायत अधिकारियों ने रिटायर सचिव को सदा स्वस्थ और दीर्घायु होने है कामना प्रेषित की।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन 2 मई को

**मण्डला।** महिला एवं बाल विकास विभाग, मंडला द्वारा "लाड़ली लक्ष्मी उत्सव" के आयोजन को लेकर आवश्यक सूचना जारी की गई है। परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना मंडला के कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 2 मई को झंकार भवन में इस उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



**विवाह सम्मेलन** | **योजना से बेटियों को सम्मान और सुरक्षित भविष्य-सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते।**

# सम्मेलन में 70 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

*** सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए श्री कुलस्ते।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के घुघरी स्थित सांदीपनी विद्यालय प्रांगण में 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में 70 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया।



कार्यक्रम में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, क्षेत्रीय विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जनिया बाई मरावी, जनपद पंचायत घुघरी के उपाध्यक्ष श्री सिहारे करचाम सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से चिन्हित हितग्राहियों को 49 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। सभी वधुओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 49-49 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो बेटियों के सम्मान और उनके सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से न केवल आर्थिक सहयोग मिलता है, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का भी सशक्त संदेश जाता है।

उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कृतियों का मिलन है। आपसी समझ, सम्मान और विश्वास से ही एक सुखी परिवार की नींव रखी जाती है।साथ ही उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार नागरिक बनने और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घुघरी श्री संस्कार बावरिया, तहसीलदार श्री चन्द्रकुमार वट्टे, जनपद पंचायत घुघरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री भावना भातृवंशी, थाना प्रभारी पूजा बघेल, सहायक यंत्री सुश्री रामेश्वरी धुर्वे तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री चंद्रकांत भलावे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदंपत्तियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए समय-सारणी जारी, नए आवेदन नहीं होंगे स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अनुसार जिले में सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाईन द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए संचालित कक्षा नर्सरी से आठवी तक के समस्त मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूल जिनमें सीटें रिक्त हैं पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

ब्लॉक बिछिया में रिक्त सीट 11, घुघरी में 4, मण्डला में 33, मवई में 4, मोहगांव में 7 एवं नैनपुर में 24 सीट तथा नारायणगंज ब्लॉक में 2 सीट रिक्त हैं। इस प्रकार जिले के सभी विकासखंडों में 85 सीटें रिक्त हैं।

जिला शिक्षा केंद्र मंडला द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी आदेश के अनुसार इस चरण में ''नवीन आवेदन पंजीयन नहीं किया जाएगा''।

ऐसे आवेदक जिन्होंने पूर्व में आवेदन किया था लेकिन सत्यापन नहीं करा पाए थे, वे अब अपने चयनित जनशिक्षा केंद्र पर जाकर सत्यापन करा सकेंगे। सत्यापन के बाद पात्र पाए जाने पर आवेदक द्वितीय चरण में विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे।

वहीं, प्रथम चरण में आवेदन करने के बाद भी जिन विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटित नहीं हुआ था, अथवा जिनका आवंटन हुआ लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, उन्हें भी द्वितीय चरण में अपनी चॉइस अपडेट कर लॉक करना अनिवार्य होगा। जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त हैं, उन्हीं में विकल्प भरने की सलाह दी गई है ताकि आवंटन की संभावना बढ़ सके।

सत्यापन प्रक्रिया 4 मई से 9 मई तक, विद्यालय चॉइस अपडेट 11 मई से 16 मई तक, ऑनलाइन लॉटरी 20 मई को तथा आवंटन उपरांत प्रवेश एवं रिपोर्टिंग 20 मई से 10 जून तक।

## खबर संक्षेप

### माँ द्वारा गेहूं मांगे जाने पर पुत्र ने मारी लाठी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां माँ अपने बच्चों को पालने में अपना सब कुछ न्यौछाबर करने से नही चूकती है और उम्मीद रखती है कि जब उनका बुढावा आवेगा तो संतान उनकी सहारा बनेगी। मगर कुछ कलयुगी पुत्र इस तरह होते है कि जन्म देने वाली माँ के साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पनागर में देखने मिली जहां पर माँ ने जब अपने पुत्र से उधार लिये गेंहू वापिस मांगे तो गेंहू न देते हुये पुत्र द्वारा लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पीड़ित माँ द्वारा अपने पुत्र के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि लडका प्रकाश ने पूर्व में अपने उपयोग के लिए प्रार्थिया से गेहूँ लिया था जो अब तक बापस नहीं किया है । बीते हुये दिवस जब वृद्ध माँ अपने बेटे प्रकाश से बोली कि तूने पहले जो मेरी गेहूँ लिया था वह अभी तक बापस नहीं किया है। अब तेरी गेहूँ आई तो तूने पूरी बैच दिया। इसी बात को लेकर आरोपी पुत्र द्वारा अपनी माँ को गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित माँ की शिकायत पर आरोपी कलयुगी पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### साईंखेड़ा में आयोजित हुई बीपीएमयू बैठक

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** दादा धूनी वालों की नगर में बीते हुये दिवस साईंखेड़ा विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में बीआरसी साईंखेड़ा संदीप स्थापक ने मैपिंग, साईकिल वितरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित बीएसी मनीराम मेहरा ने स्कूलों में नामांकन बढ़ाने संबंधी चर्चा की। इस बैठक मे जनशिक्षक आजाद कौरव, सुरेन्द्र राजपूत, अवधेश पटैल, पंकज पाठक, बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान, प्रदीप मालवीय,देवी सिंह कीर, प्रमोद पठारिया,वेद प्रकाश राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शोरूम से पार की गई बेटरी सहित अन्य सामग्री

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस अमीशा होण्डा मोटर साईकिल शोरूम के मैनेजर द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि बीते हुये दिवस रात्रि में शौरूम बंद किया था। इसके बाद दूसरे दिन शौरूम खोला तो देखा की शौरूम के वर्कशाप से 12 मो.सा. की बैटरियां तथा कुछ स्पेयर पाट्र्स गायब थे। वही वर्कशाप के पीछे की टीन खुली हुई थी तब प्रार्थी ने शौरूम मे लगा सीसीटीव्ही कैमरा चैक किया जिसमे शौरूम में पूर्व मे काम करने बाला अरबाज कुरैशी निवासी विवेकानंद वार्ड बैटरी एवं स्पेयर पाट्र्स थैले मे रखकर ले जाते दिखाई दे रहा था। घटना की सच्चाई प्रार्थी द्वारा मालिक मोहित साहू तथा फाईनेंस मे काम करने बाले अजय वर्मा को बताई और पुलिस थाने में शिकायत किये जाने पर पुलिस द्वारा प्रार्थी के बताये अनुसार आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तेज गति से दौड़ रही बाइक की टक्कर से घायल

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस मूल रूप से ग्राम डंगरहाई हाल निवासी वार्ड क्रमांक 6 द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह अपने किसी काम से ग्राम आंडेगांव गया हुआ था जहां से वापिस आने के दौरान सूखाखैरी से चीचली रोड पर सिंघानिया के ट्राली कारखाने से पहले (करीब 50 फिट दूरी) रोड पर राजश्री गुटखा खाने के लिये रूका था। उसी दौरान एक मोटर साईकिल चालक अपने मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाया और प्रार्थी की बाइक को टक्कर मार दी गई। घटना में प्रार्थी को चोटे आने के चलते पुसिल ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया तथा आरोपी क खोजबीन की जा रही है।

# शासन की योजनाओं के बाद भी विकास से कोसों दूर हाड़तोड़ मेहनत करने वाले मजदूरों पर भारी पड़ रही मंहगाई की मार

## आज मजदूर दिवस पर भी दो वक्त की रोजी रोटी को लेकर परेशान होते हुये देखे जा रहे अनेक दिहाड़ी काम करने वाले गरीब व मध्यम वर्ग के परिवार









**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** आज 1 मई को श्रम को अभिनंदन करने का उत्सव अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस हैं। मगर गौर किया जावे तो इसके बाद भी अनेक मजदूर इस बात से अनविज्ञ होकर अपना व अपने बच्चों का पेट भरने को लेकर चिंता में नजर आने से नही चूक पा रहे है...? कहने को तो शासन द्वारा मजदूरों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। मगर बडें ही बिडम्बना की बात है कि उन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को आज भी मजदूरी करते हुये अपने बच्चों का पेट पालने के लिये मजबूर होना ही पड़ता है तो अपात्र जरूर अधिकारियों की मिली भगत से इन योजनाओं को लाभ लेते हुये माला माल होते चले जा रहे है..? जबकि हर साल मजदूर दिवस पर शहर और क्षेत्र के मजदूरों की मेहनत को सराहने वाले आयोजन कराने में प्रशासन उदासीनता का परिचय देता है। जिसका नतीजा है कि आज 1 मई मजदूर दिवस पर भी श्रमिक अवकाश का आनंद उठाने की जगह जहां तहां भवन निर्माण कार्यो से लेकर मिलों व बाजारों में कड़ी मशक्कत कर अपना पसीना बहाते हुए दिखाई देने से नही चूकते है और शायद ही इस बात का किसी मजदूर भाई को पता रहता हो कि आज उनका ही दिवस है...। बैसे भी देखा जावे तो बीते हुये कुछ वर्षो से महगांई ने गति पकड़ी है वह रूकने का नाम ही नही ले रही है जिसके चलते गरीब व मध्यम वर्ग के परिवारों के लिये अपने बच्चों का दो वक्त का पेट भरना मुश्किल होने लगा है। भले की कोरोना महामारी से देश को निजात मिल चुकी है। मगर कोरोना की आड में दुकानदारों द्वारा जिस तरह जरूरी सामग्री के दामों में इजाफा किया गया था वह आज भी उससे आगे की ओर अग्रसर होते हुये देखा जा रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि शासन द्वारा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। मगर इसके बाद भी मजदूरों की सूरत बदलते हुये शायद इसलिये दिखाई नही दे पा रही है। क्योंकि उन योजनाओं का लाभ पात्र माने जाने वाले लोगों को जानकारी के आभाव में शासन की योजनाओं का लाभ मिल ही नही पाता है, जिसके चलते शासन का मजदूरों के नाम पर पैसा तो जरूर खर्च हो रहा है। मगर अपात्र मजदूर बनकर योजनाओं पर अपना कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? वही दूसरी ओर हर साल मजदूरों के नाम पर अनेक प्रकार की योजनाओं की शुरूआत होती है और उनके संचालन होने के बाद भी मजदूरों की स्थिति जहां की तहां दिखाई देने से नही चूक पा रही है और आज मजदूर दिवस के मौके पर शायद ही किसी मजदूर को इस बात की जानकारी हो की आज मजदूर दिवस है और वह रोज की तरह तेज धूप की तपन के बीच अपने बच्चों का पेट भरने के लिये सड़को पर हाथ ठेला तो मकानों की दिवारों पर जान जोखिम में डालते हुये काम करते हुये दिखाई दे रहा होगा। मगर इसके बाद भी जब शाम के वक्त दिन भर जी तोड़ मेहनत करने के बाद मजदूर अपनी मेहनत का फल लेने पहुंचता है तो वह भी समय पर मिलने की संभावना कम ही लगने से नही चूकती है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि इन गरीब मजदूरों से काम लेने वाले लोगों द्वारा मजदूरों को एक कप चाय पिलाने की जगह उनसे उम्मीद करते हैं कि वे अपनी मजदूरी के पैसे न मॉगे और इस स्थिति में भी लोगों द्वारा मजदूरों को काम के बदले में पैसा देने की बात पर एक दो दिन के बाद ले लेना जैसे शब्दों का संबोधन करते हुए टरकाने से नही चूकते है? गौरतलब है कि शहर में बीड़ी मजदूरों की तादाद अधिक होने के साथ साथ अन्य जगहों पर चल रहे कार्यो के लिए नगर सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों वर्षो से जहां तहां काम करते हुए देखा जाता है जिन्हे भीषण महॅगाई के दौर में पर्याप्त मजदूरी, चिकित्सा सुविधा नही मिल पा रही है। वही दूसरी ओर मंडी में काम करने वाले हम्माल हो या फिर ठेला चालक तथा अन्य काम कर अपनी जीविका चलाने वाले मजदूरों हकीकत यह है कि उनकी तरक्की में जालिम समय बाधक बना हुआ है? पहले की अपेक्षा उनकी मजदूरी में बढ़ोत्तरी अवश्य हुई है पर अधिकतर मजदूरों के बच्चे शिक्षित नही हो पा रहे है और वे आज भी जर्जर आवासों में रहकर अपनी जिन्दगी काटते हुए देखे जा रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अच्छा रहन सहन व आधुनिक सुविधाएॅ तथा बेहतर वातावरण की विशेषताएॅ क्या होती है इससे प्रायः अंजान मजदूरो की नियति में शामिल हो चुका है? वही लगातार हाड़ तोड़ मेहनत कर किसी तरह गृहस्थी की गाड़ी खीचना उनकी जिन्दगी की एक दिनचर्या बन चुका है। इसी के चलते शायद ही किसी मजदूर को यह पता हो कि आज मजदूर दिवस है और उन्हें इस बात का अहसास करने वाला भी शायद कोई नही होगा जिसके चलते आज भी अनेक मजदूर रोज की तरह काम करते हुए देखे जा रहे है। जाहिर है मजदूरों की यह दशा समय के हिसाब से ठीक नहीं है। वही दूसरी ओर यदि ग्रामीण क्षेत्रों पर नजर डाली जावे तो पंचायतों द्वारा मजदूरों से पंचायत के विकास कार्यो में काम जरूर लिया गया है मगर अनेक पंचायतों द्वारा इन मजदूरों को भुगतान नही किये जाने के कारण वह परेशान होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि लोगों द्वारा मजदूरों से मेहनत कराने के बाद उनका पैसा देने में भी इस प्रकार से परेशान किया जाता है जिसके उदाहरण अनेक जगहों पर देख्नने आसानी से मिल जाते है..? इस प्रकार लगातार बढ़ रही महंगाई के दौर में फैशन परस्ती पैसे की मारा मारी व बाजारी करण के चल रहे दौर भी मजदूरों की अपेक्षाएॅ सीमित हैं। किंतु दुर्भाग्य पूर्ण सच्चाई है कि काम लेते वक्त जिस तरह मजदूरों की मनुहार की जाती है। वह काम निकलते ही खत्म हो जाती है और लोगों के ओटो से मजदूरों की सराहना के दो बोल भी नहीं फूटते, इससे ऐसा लगता है कि अधिकतर व्यक्ति श्रम का सम्मान नही करना चाहते और मजदूरों की समस्याओं की तह में नही जाकर मजदूरों का इस्तेमाल केवल लोहे की मशीनों की तरह करना चाहते है? कहने को तो सरकार द्वारा मजदूरों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की बात कही जाती है। मगर शासन द्वारा मजदूरों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं का इन मजदूरों को कितना लाभ मिल रहा है शायद ही इस बात की खबर कोई लेने वाला हो? जिसके चलते मजदूरों की योजनाओं पर पूंजीपति जरूर माला माल होते हुए देखाई दे रहे है और मजदूरों की स्थिति जहां की तहां दिखाई देते हुए जान पड़ रही है?

# कौरव समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने का किया प्रयास, मौजूद पुलिस बल की पानी की बौछार





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा महाभारत का वर्णन को आधार बनाते हुये जिस तरह अपने संबोधन में कौरवों को लेकर टिप्पडी की गई है उसको लेकर कौरव समाज में आक्रोश का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा नरयावली जिला सागर में आयोजित संदीपनी विद्यालय उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम के दौरान अपने भाषणों में "महाभारत के द्रोपदी चीर हरण का उदाहरण देकर कौरवों की तुलना कांग्रेस पार्टी से की गई । इस बात को लेकर कौरव समाज के लोगों में आक्रोश पैदा होने के साथ इस तरह मुख्यमंत्री के संबोधन को बेहद आपत्तिजनक बताते हुये विरोध किया जा रहा है। सामाजिक लोगों को कहना है कि इस तरह पूर्व इतिहास में हुई घटना को राजनैतिक उद्बोधन से सामाजिक तौर पर जोड़ना गलत एवं अनुचित है। इससे संपूर्ण प्रदेश व देश में रहने वाले कौरव समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को कौरव समाज के





लोगों सहित कौरव सेवा समिति द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन का आयोजन किया गया तो इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कौरव समाज पर प्रदेश के मुखिया द्वारा दिये गये अपने अशोभनीय भाषण का विरोध करते हुये कौरव समाज के विरोध प्रदर्शन में अपना समर्थन दिया गया। इस तरह नगर के छिपा तिरहा पर जब कौरव समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन किये जाने की तैयारी की जा रही थी इसके पूर्व ही प्रशासन द्वारा भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुतला दहन रोकने के लिये गाडरवारा पुलिस के आलवा समीपस्थ सांईखेड़ा, चीचली, डोगरगांव, सिहोरा, सालीचौका से भी पुलिस बल बुलाते हुये छीपा तिरहा को जहां पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। वही जब कौरव सामाजिक बंधुओं द्वारा प्रदेश के मुख्मंत्री का पुतला दहन करने का प्रयास किया गया तो पुलिस द्वारा नगर पालिका से बुलाई गई फायर विग्रेड मशीन के माध्यम से पानी की बौछार कराते हुये लोगों को तितर बितर करने का प्रयास किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल, सुरेन्द्र पटैल मझले भैया, जिला पंचायत सदस्य मौना कौरव, प्रमोद मरैया, गिरजा शंकर पगुआ, बिरजू कौरव, संजय कौरव, छोटे राजा कौरव, चंद्रकांत कौरव, संजय कौरव, आकाश कौरव, आनंद कौरव सहित सैकड़ो की संख्या में कौरव समाज के लोगों के आलवा कांग्रेस कार्यकर्ता व महिला शक्ति भी मौजूद रही। वही दूसरी ओर जब कौरव बंधु मुख्यमंत्री का पुतला लेकर मौके पर पहुंचे तो पुलिस कर्मियों द्वारा पुतला छीनने के लिये काफी देर तक झूमा झटकी करते हुये देखे गये। इसके बाद भी आसपास के घरों से एक के बाद एक पुतले निकलना शुरू हुये तो प्रशासन की टीम द्वारा पानी की बौछारे करना शुरू कर दी गई थी। इस तरह कौरव समाज द्वारा किये गये विरोध प्रदर्शन ने यह बात साबित कर दी गई है कि यदि किसी भी नेता व व्यक्ति द्वारा समाज को लेकर अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया जावेगा तो समाज किसी भी स्थिति में स्वीकार नही करेगी।

## बाजार में छले जा रहे उपभोक्ताओं का भगवान ही मालिक, पक्के बिल देने से कतरा रहे व्यापारी




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर सहित क्षेत्र के बाजारों में बढ़ रही बाजारो की चकाचौंध बढ़ने के साथ ही आस पास के गॉवो में स्थित दुकाने भी आधुनिक दौर की मनचाही चीजो से सजने लगी है। जीवन शैली बदलने, उपभोक्ता वादी संस्कृति की वजह से बाजार का विस्तार हो रहा है। यह बात अपनी जगह सही है, किन्तु हकीकत यह है कि चमकते, दमकते बाजार में वर्तमान में उपभोक्ता की हैसियत ऐसी आदमी की रह गयी है, जो चुप चाप बिना मोल तोल किए अपनी जरूरी की चीजें खरीदकर घर वापिस हो जाते है। जाहिर है व्यापारी मुनाफा कमाने के चक्कर में इतनें संबेदन हीन हो गए है कि उन्हे उपभोक्ताओं को हितों को नजर अंदाज करने में मजा आ रहा है, जिसका नतीजा है कि उपभोक्ता ठगे जा रहे है और कई तरीकों से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है? बाजार में पत्थरो के बॉटो का चलन बरकार है, डिब्बे सहित मिठाईयॉ तौली जा रही है, एक ही चीज पर विभिन्न तरह के लेबिल लगाकर उन्हे बेरोक टोक बेचा जा रहा है? लुभावने विज्ञापनो के जरिए बिना गारंटी की वस्तुएॅ थमायी जा रही है, यही नहीं कोई भी सामान खरीदने पर आमतौर पर व्यापारी पक्का बिल देने से कतरा रहे है, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है। वही दूसरी ओर इन बातों से अंजान बना प्रशासन मूक दर्शक बनकर उपभोक्ताओं के हितों पर लगातार प्रहार होने का तमाशा देख रहा है, जिसके चलते आये दिन आम उपभोक्ता लुटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है?

# दुकानों से लेकर वाहनों में भी धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस का उपयोग, प्रशासन की भूमिका बनी संदिग्ध?

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जहां एक ओर लोगों को इस समय गैस प्राप्त करने के लिए परेशान होते हुए देखा जाता है। वही दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग प्रतिबंधित है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर में जहां खुलेआम घरेलू गैस को नियम विरूद्ध तरीके से दुकानों पर व्यवसायिक रूप से उपयोग हो रहा है। इस बात की सच्चाई नगर में चल रही अनेक होटलों से लेकर अंडा दुकानों से लेकर शादी समारोहों में धडल्ले से घरेलू गैस का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है। मगर अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से सच्चाई का नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि नियम के अनुसार घरेलू गैस का उपयोग सिर्फ घर के रसोई घरों में ही किया जा सकता है। मगर प्रशासन की अनेदेखी का परिणाम है कि रसोई गैस सिलेण्डरों का उपयोग धडल्ले से इस समय चल रहे शादी सीजन के चलते शादी समारोहो से लेकर अन्य कार्यक्रमों में होने के अलावा सड़क किनारे चलने वाले चाय नास्ता सहित अंडा दुकानों पर तक धडल्ले किया करते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गैस चलने वाले वाहनों में तक इस प्रकार से गैस किटों में घरेलू गैस सिल्डरों के माध्यम से गैर पलटी करते हुये वाहनों को दौड़ाया जा रहा है? मगर पता नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा इन रसूखदार मालिको के बड़े प्रतिष्ठानो पर कार्यवाही करने की हिम्मत क्यो नही जुटा पा रहे है। यह सच्चाई चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है..? जबकि घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकना खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी है मगर विभाग द्वारा दिखाई जाने वाली सुस्ती से घरेलू उपभोक्ताओं के हक पर डाका डाल रहे होटल संचालको व अन्य व्यवसायियो के हौसले बुलंद नजर आने से नही चूक पा रहे है। शादियो में खुलेआम हो रहा दुरूपयोग- यह अधिकारी जब शाम ढले किसी विवाह समारोह में सपारिवार पहुंचते है तो वहां हर स्टॉल पर घरेलू सिलेंडरो पर रखे कड़ाहो से विभिन्न व्यंजन तलकर निकलते है तो वे इनका आनंद लेते हुई दिखाई दे सकते है। इस प्रकार से घरेलू सिलेंडरो का मुद्दा कैटरर्स के पाले में आते ही उनके रसूख और शादियो के ढोल ढमाको में दबकर रह जाता है, वही देखा जावे तो प्लेट्स के आधार पर बिल चार्ज करने वाले कैटरर्स को व्यवसायिक काम के लिए कामर्शियल सिलेंडरो का उपयोग करना गंवारा नही है जिसके चलते प्रतिदिन दर्जनो सिलेंडर खाली कर देने वाले इन कैटरर्स को कभी



गैस संकट का सामना भी नही करना पड़ता है। इस प्रकार से घरेलू गैस की बढ़ती कीमतो ने भले ही खाने का स्वाद बिगाड़ दिया हो मगर शादी पार्टियो में खाना बनाने वाले पूरी दिलैरी के साथ लोगो को लजीज व्यंजनो का स्वाद चखा रहे है। रसोई गैस में दौड़ रहे वाहन- इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र मे सैकड़ो की तादाद में सीएनजी ईंधन से चलने वाले वाहन दौड़ रहे है वही दूसरी ओर जिले में कही भी सीएमजी रिफलिंग सेन्टर नही है, जो वाहन चालक अपने वाहन में वास्तव में सीएनजी भराना चाहता है उसे किसी दूसरे बड़े महानगरों के रिफलिंग सेन्टर जाना पड़ेगा, ऐसे में अब प्रश्न यह उठता है कि इन्हे सीएनजी गैस टेंक में डालने कहां से मिलती है जाहिर सी बात है उपभोक्ताओं के हिस्से की टंकी इन्ही वाहनो में रिफिल किये जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जबकि देखा जावे तो इस प्रकार से रसोई गैस से वाहनो को दौड़ाने के चक्कर में आये दिन किसी ने किसी शहर में हादसे होने की खबर आती रहती है मगर इसके बाद भी प्रशासन का रवैया गैर जिम्मेदाराना होना अनेक प्रकार की चर्चाओं को जन्म देते हुये जान पड़ रहा है?

# आज से 1 मई से जनगणना महाअभियान में जुटेंगे कर्मचारी व अधिकारी, आयोजन में एसडीएम व्यारे ने जताई सहयोग की अपेक्षा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनगणना महाअभियान का कार्य आज 1 मई से 30 मई तक चलेगा जिसमें गाडरवारा तहसील के अंतर्गत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में अधिकारी, कर्मचारी क्षेत्रवासियो के समक्ष पहुंचकर मकान गणना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस कार्य हेतु पर्यवेक्षकों एवं प्रगणको के प्रशिक्षण हो चुके है। इसके अलावा जनगणना कार्य में संलग्न पर्यवेक्षकों एवं प्रागणको ने उन्हें दिए गये क्षेत्र का मुआयना भी करते हुए आवश्यक तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। इस कार्य को लेकर सभी क्षेत्रवासी अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग कर जनगणना के अंतर्गत मकान गणना में सहयोग करें और महाअभियान को सफल बनाएं। यह अपेक्षा क्षेत्र की एसडीएम श्रीमती कलावती ब्यारे द्वारा व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आज 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक संपूर्ण मध्यप्रदेश में भी जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान सही और सटीक जानकारी देकर आप देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। साथ ही सतर्क रहकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इस दौरान क्षेत्र में अनेक प्रगणक एवं सुपरवाइजर मकान गणना का कार्य करेंगे। जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि आपके मकान/भवन का प्रकार,परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति गैस कनेक्शन की जानकारी रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटर साइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर, इन जानकारियों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा। जनगणना के दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता या वित्तीय जानकारी, किसी भी प्रकार का ओटीपी (**OTP**) जैसी संवेदनशील जानकारी कभी भी नहीं पूछी जाएगी। इसलिए नागरिक विशेष सतर्कता बरतें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**गाडरवारा जिला -नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**इश्तहार सूचना**

भवन/प्लांट नामांतरण सूचना वर्ष 2025-26
क्र. 147 / राजस्व शाखा /न.पा.प. /2025
गाडरवारा, दिनांक 28.04.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामातंरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक 28/04/2026 से 30 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेगी।

प्र.क्र.- 1258/25/26
वार्ड का नाम- चॉवडी वार्ड
मकान/प्लाट - मकान
सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम- शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत विक्रय पत्र
हस्तांतरण का नाम- हफीज मो. अहमद, जहीर अहमद, शबनम बानो उर्फ शहीदा बानौ, शेख मंसूर अहमद उर्फ मुन्ना
हस्तांतरिनी कर्ता का नाम- श्रीमती सबरून निशा W/O स्व. शेख महमूब उर्फ मुन्ना

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाडरवारा**

# पांच माह से वेतन अटका, मनरेगा कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर




**डिंडौरी।** जिले में मनरेगा से जुड़े संविदा कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पांच माह से मानदेय न मिलने से परेशान कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है। इसी के तहत 4 मई से पांच दिन के असहयोग आंदोलन की घोषणा की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो कार्य व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है।कर्मचारियों का कहना है कि वे शासन के निर्देशों के अनुरूप लगातार कार्य कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट गहरा गया है। बच्चों की पढ़ाई, बैंक ऋण की किश्त, मकान किराया और बिजली बिल जैसी आवश्यकताओं का भुगतान करना मुश्किल हो गया है। कई कर्मचारियों पर मकान मालिकों का दबाव भी बढ़ रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। वहीं ग्राम रोजगार सहायकों को अन्य मद से मानदेय दिए जाने से असंतोष और बढ़ गया है।संविदा कर्मचारियों ने पारिश्रमिक कटौती के आदेशों को निरस्त करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि पहले से ही वेतन लंबित है, ऐसे में कटौती का निर्णय स्थिति को और कठिन बना रहा है।कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि 4 से 8 मई तक सामूहिक अवकाश रहेगा। यदि इस अवधि में लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वे कार्य करने में असमर्थ रहेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।इस निर्णय से जिले में मनरेगा कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

## डिंडौरी में अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई

# 77 लीटर शराब जब्त 3 आरोपी गिरफ्तार



**डिंडौरी।** अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने दबिश देकर 77.390 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान नकद राशि मोबाइल फोन और एक कार भी बरामद की गई है।पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ अमित वर्मा और एसडीओपी सतीष द्विवेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने 29 अप्रैल को मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। आईटीआई के पास भोंदूटोला क्षेत्र में घेराबंदी कर कुंवर सिंह उर्फ भुरसू पाराशर सचिन शर्मा और सुनील कुशवाहा को पकड़ लिया गया।तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 77.390 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई जिसकी कीमत करीब 36770 रुपये बताई गई है। इसके साथ 52 हजार रुपये नकद 4 मोबाइल फोन और एक आई 10 कार भी बरामद हुई। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 6 लाख 25 हजार रुपये आंकी गई है।पुलिस जांच में सामने आया है कि कुछ आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हैं जबकि मुख्य आरोपी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है ताकि अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।पूरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस की सतर्कता और त्वरित रणनीति सराहनीय रही। थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए कम समय में आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की जिससे जिले में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

# डिंडौरी में पटवारियों के निलंबन पर बवाल, संघ ने सौंपा ज्ञापन

## 3 दिन में कार्रवाई वापस नहीं हुई तो सामूहिक अवकाश की चेतावनी

**डिंडौरी।**



जिले में दो पटवारियों के निलंबन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ, डिंडौरी ने इस कार्रवाई को नियम विरुद्ध बताते हुए कलेक्टर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है और तत्काल निलंबन आदेश वापस लेने की मांग की है। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर कार्रवाई निरस्त नहीं की गई तो 4 मई 2026 से जिले के समस्त पटवारी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे, जिससे राजस्व कार्य पूरी तरह प्रभावित हो सकता है।संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में बताया गया कि कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत कु. शारदा पारधी एवं श्री राजेश शर्मा को लैंड रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन के अंतर्गत क्वालिटी एश्योरेंस (QA) कार्य में कथित लापरवाही के आधार पर निलंबित किया गया है। लेकिन पटवारी संघ का आरोप है कि इस कार्य के लिए न तो स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए और न ही कार्य की समय-सीमा तय की गई, जिससे पटवारियों के सामने असमंजस की स्थिति बनी रही।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि QA कार्य कब प्रारंभ हुआ और कब समाप्त किया जाना था, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी पटवारियों को उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अलावा, कार्य के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन का भी अभाव रहा, जिसके कारण कार्य प्रभावित हुआ। संघ का कहना है कि बिना पर्याप्त संसाधन और निर्देश दिए कर्मचारियों पर कार्रवाई करना न्यायोचित नहीं है।

पटवारी संघ ने निलंबन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई से पहले कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाना चाहिए, लेकिन इस मामले में बिना सुनवाई के सीधे निलंबन आदेश जारी कर दिया गया, जो सेवा नियमों के विपरीत है।संघ ने यह भी बताया कि निलंबित पटवारी राजेश शर्मा 27 जनवरी 2026 से एक दुर्घटना के कारण चिकित्सकीय अवकाश पर हैं, इसके बावजूद उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं, कु. शारदा पारधी के मामले में संघ का दावा है कि उन्हें QA कार्य के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड मिलने से पहले ही संबंधित ग्राम का डेटा स्वतः अनुमोदित हो चुका था, जिससे उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि वर्तमान में अधिकांश राजस्व कार्य ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से संचालित हो रहे हैं, जहां तकनीकी समस्याएं आम हैं। इन समस्याओं की जानकारी पटवारियों द्वारा समय-समय पर उच्च अधिकारियों को दी जाती रही है, लेकिन उनका समाधान नहीं हो पाता। इसके बावजूद केवल ऑनलाइन रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करना अनुचित और एकतरफा बताया गया है।पटवारी संघ ने मांग की है कि दोनों पटवारियों के निलंबन आदेश तत्काल निरस्त किए जाएं और भविष्य में किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से पूर्व संबंधित कर्मचारी को सुनवाई का अवसर अनिवार्य रूप से दिया जाए। साथ ही QA कार्य के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो जिले के सभी पटवारी 4 मई 2026 से सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। इससे जिले के राजस्व, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर व्यापक असर पड़ सकता है।

# संबल 2.0 योजना में 315 हितग्राहियों को 6.66 करोड़ की सहायता



**डिंडौरी ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के तहत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया। इस अवसर पर डिंडौरी जिले के 315 हितग्राहियों को 6 करोड़ 66 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई।योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत बजाग के 55 हितग्राहियों को 1 करोड़ 22 लाख रुपए दिए गए। जनपद पंचायत डिंडौरी के 33 हितग्राहियों को 70 लाख रुपए प्रदान किए गए। जनपद पंचायत करंजिया के 79 हितग्राहियों को 1 करोड़ 62 लाख रुपए तथा जनपद पंचायत समनापुर के 49 हितग्राहियों को 1 करोड़ 10 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई। जनपद पंचायत अमरपुर के 51 हितग्राहियों को 1 करोड़ 06 लाख रुपए वितरित किए गए।
इसी प्रकार जनपद पंचायत मेहंदवानी के 23 हितग्राहियों को 46 लाख रुपए दिए गए। जनपद पंचायत शहपुरा के 15 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए प्रदान किए गए। नगर परिषद डिंडौरी के 3 हितग्राहियों को 6 लाख रुपए तथा नगर परिषद शहपुरा के 7 हितग्राहियों को 14 लाख रुपए की सहायता राशि दी गई।मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के माध्यम से असंगठित श्रमिक वर्ग और पात्र परिवारों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। समय पर आर्थिक सहायता मिलने से जरूरतमंद परिवारों को सहारा मिल रहा है।कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया  श्रम निरीक्षक निराज तेकाम जनसंपर्क अधिकारी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दृष्टि योजना के तहत पंख कार्यक्रम आयोजित जनभागीदारी से विकास पर जोर

**डिंडौरी।**मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में संचालित दृष्टि योजना के अंतर्गत पंख कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक रवि बर्मन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी विकासखंड समन्वयक तथा सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जनहित और विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे।
कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर को पौधा भेंट कर की गई। इसके बाद संभाग समन्वयक रवि बर्मन ने पंख कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि जिले में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की गतिविधियों को विस्तार देने के लिए जिला डायरेक्टरी तैयार की जाएगी। इसके बाद जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने जन अभियान परिषद के कार्यों और उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि परिषद जनसहभागिता के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।कार्यक्रम में शिक्षा स्वास्थ्य नशा मुक्ति पर्यावरण संरक्षण जल संवर्धन महिला सशक्तिकरण सामाजिक समरसता स्वदेशी नागरिक कर्तव्य और ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े अनुभव भी साझा किए गए और जनहित तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सुझाव प्रस्तुत किए गए।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाओं की सफलता में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए जल संचय वर्षा जल संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए सामूहिक प्रयास करने का



आह्वान किया। उन्होंने प्रत्येक घर में रिचार्ज पिट और शोक पिट बनाने तथा पहाड़ियों पर कंटूर ट्रेंच निर्माण करने के निर्देश दिए। साथ ही पौधारोपण को जन अभियान बनाने गौ संरक्षण को बढ़ावा देने और सिकल सेल तथा एनीमिया जैसी बीमारियों की जांच कराने के निर्देश दिए।उन्होंने सड़क सुरक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि हेलमेट का उपयोग व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी है। सभी से हेलमेट पहनने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की गई। कृषि क्षेत्र में रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए जैविक और पारंपरिक खेती को अपनाने पर बल दिया गया ताकि भूमि की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।बैठक में स्व गणना अभियान पर भी चर्चा की गई और सभी से अपनी और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने का आग्रह किया गया ताकि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके। जल संचय और जनभागीदारी से नदी पुनर्जीवन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और जल संरचनाओं के निर्माण तथा जीर्णोद्धार के लिए सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## अमरपुर में छात्राओं को साइकिल वितरण



**अमरपुर।** शासकीय मॉडल स्कूल अमरपुर में कक्षा नौवीं की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है। साइकिल वितरण भी इसी उद्देश्य से किया जा रहा है ताकि छात्राएं अपने गांव से स्कूल तक आसानी से आ जा सकें और अतिरिक्त समय पढ़ाई में लगा सकें।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा छात्रों के लिए लगातार नई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अभी साइकिल दी गई है और आगे चलकर लैपटॉप तथा बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने छात्राओं को मेहनत करने और अधिक अंक हासिल करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर बीआरसी अमरपुर सुवेश किशोर दुबे छात्रावास अधीक्षिका विमला परस्ते सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## आरोह 2026 खेल शिविर से निखरेगी बच्चों की प्रतिभा

**डिंडौरी ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का आयोजन 05 मई से 05 जून तक किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर का संचालन खेल विभाग पुलिस विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग उच्च शिक्षा विभाग जनजातीय कार्य विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से किया जाए। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक और शाम 5 बजे से 7 बजे तक जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित होगा।जिला मुख्यालय पर एथलेटिक्स वॉलीबॉल बास्केटबॉल और कराते जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जबकि विकासखंड स्तर पर दो खेलों का चयन कर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसके साथ व्यक्तित्व विकास प्रेरक सत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता साइबर जागरूकता नशा मुक्ति और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी।
कलेक्टर ने प्रशिक्षण स्थलों पर साफ सफाई पेयजल प्राथमिक उपचार किट ओआरएस और बच्चों के लिए स्वल्पाहार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर के समापन पर जिला और विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि तैराकी सहित अन्य खेलों में प्रतिभावान बच्चों को अवसर दिया जाए और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों को मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता अभियान से भी जोड़ा जाए।बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ शिविर का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसमें भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा को विकसित कर सकें। बैठक में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान ने शिविर की रूपरेखा और खेल गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रमेश मरावी जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# साहू समाज ने मनाई भामाशाह जयंती मेघावी छात्र को दिया सम्मान 51 हजार की राशि की भेंट

**गाड़ासरई** - भामाशाह जयन्ती के अवसर पर गाड़ासरई साहू समाज समिति द्वारा माँ कर्मा धर्मशाला में आयोजन किया गया इस अवसर पर दानवीर शिरोमणि महापुरुष भामाशाह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धासुमन समाजिक बंधुओ द्वारा अर्पित किया गया जन्म और परिवारः भामाशाह साहू तेली का जन्म 29 अप्रैल, 1547 को हुआ था। उनके पिता, भारमल, मेवाड़ के राणा उदय सिंह के समय रणथंभौर के किलेदार थे।महाराणा प्रताप के साथ सहयोगः वे महाराणा प्रताप के परम मित्र और विश्वासपात्र सलाहकार थे। जब हल्दीघाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप के पास संसाधन कम हो गए थे, तब भामाशाह ने अपनी जीवन भर की जमापूंजी उन्हें सौंप दी थी।दानवीर की उपाधिः भामाशाह द्वारा दिया गया



यह दान इतना अधिक था कि इससे लगभग 12 साल तक 25,000 सैनिकों का निर्वाह किया जा सकता था। उनके इस असीम त्याग के कारण ही उन्हें भारतीय इतिहास में ₹दानवीर₹ के रूप में याद किया जाता है।प्रशासनिक भूमिकाः वे न केवल एक दानवीर थे, बल्कि एक कुशल योद्धा और मंत्री भी थे। उन्होंने महाराणा प्रताप के बाद उनके पुत्र अमर सिंह के राजतिलक में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।विरासत और सम्मानः आज भी राजस्थान में भामाशाह का नाम सम्मान से लिया जाता है। उनके नाम पर राजस्थान सरकार ने कई योजनाएं (जैसे भामाशाह कार्ड) चलाई हैं। उन्हें ₹दानवीर शिरोमणि₹ की उपाधि से भी जाना जाता है। भामाशाह की देशभक्ति और त्याग को मातृभूमि के इतिहास में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। वही गाड़ासरई निवासी ध्रुव साहू ने  हाल में ही कक्षा 12 में  अच्छे नम्बर लाकर प्रदेश में टॉपटेन स्थान प्राप्त कर गाड़ासरई का नाम रोशन किया जिसे गाड़ासरई माँ कर्मा देवी सेवा समिति द्वारा धुर्व साहू को मीठा खिलाकर 51 हजार की राशि भेंट कर प्रोत्साहित किया

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित



**डिंडौरी।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी ने की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। नवागत आजीवन सदस्यों का स्वागत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से रघुवीर सिंह तेकाम को कार्यकारी तहसील अध्यक्ष डिंडौरी तथा जागेश्वर दास पड़वार को डिंडौरी ब्लाक का कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया।बैठक में करंजिया ब्लाक के शिक्षकों के अर्जित अवकाश नगदीकरण के लंबित प्रकरणों पर चर्चा की गई। इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी को पुनः ध्यानाकर्षण कराने के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन हेतु ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिला कोषालय अधिकारी को भी संबंधित प्रकरणों पर पत्र भेजने का निर्णय लिया गया।लोक निर्माण विभाग से जुड़े लंबित मामलों पर कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन देने और आवश्यक होने पर धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई। साकेत नगर और हंस नगर की लंबित नल जल योजना को लेकर भी चर्चा हुई। समस्या के समाधान तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखने का निर्णय लिया गया।बैठक में जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया महामंत्री राम मूरत सिंह ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष राजनारायण दीक्षित जिला सचिव संदीप चौरसिया तहसील सचिव प्रेम लाल झरिया यू डी बड़गैंया पी एस मरावी ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर गिरिवर धारी चौरसिया एस के शर्मा और रामचरण सेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा में विकास कार्यों की समीक्षा

**डिंडौरी** ।जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 25 मार्च 2026 को आयोजित पिछली सामान्य सभा के पालन प्रतिवेदन पर विस्a्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विकसित भारत अभियान और जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई। मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 94 के क्रियान्वयन तथा 15वें और 5वें वित्त आयोग के कार्यों का भी आकलन किया गया।बैठक के दौरान अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु से पहले सभी पानी की टंकियों और जल स्त्रोतों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि संक्रमण और संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों को चिन्हित कर ब्लैकलिस्ट करने और संपत्ति राजसात करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शत प्रतिशत पेयजल पहुंचाने और कार्य पूर्ण होने के बाद ही भुगतान करने पर जोर दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष अंजु व्यौहार ने खराब गुणवत्ता वाली साइकिलों के वितरण का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही साइकिलों का वितरण किया जाए। खराब साइकिल मिलने पर शासन को प्रतिवेदन भेजने और सही साइकिलों का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराने के निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों में देरी और गुणवत्ता की कमी को लेकर विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे ने चिंता जताई। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन की सूचना समय पर न मिलने का मुद्दा भी उठाया। इस पर सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम तय होते ही जनप्रतिनिधियों को पत्र और दूरभाष के माध्यम से समय पर सूचना दी जाए। जल गंगा संवर्धन अभियान और जल संचय जनभागीदारी अभियान में जिले की प्रगति पर सभी ने संतोष व्यक्त किया और अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी रखने पर जोर दिया गया। विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे ने आगामी 15 दिनों में प्राचीन जल संरचनाओं और तालाबों का चिन्हांकन कर उनके गहरीकरण और साफ सफाई कार्य जनभागीदारी से कराने की बात कही।बैठक में पंचायतीराज अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तर पर पंच और सरपंच सम्मेलन आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क मरम्मत अभियान का आयोजन

**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य के निर्देशन में 28 अप्रैल से 29 अप्रैल तक सड़क मरम्मत अभियान के तहत कॉलेज तिराहा, जमुना तिराहा एवं गोविंदा रोड पुल के ऊपर निर्मित गड्ढे जिससे आने जाने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था साथ ही दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी इन्हीं समस्याओं का निराकरण करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों द्वारा सड़क मरम्मत अभियान चलाया गया और सभी गड्ढों को भरकर मरम्मत की गई जिससे आने वाले राहगीरों की मुश्किलें आसान होंगी एवं दुर्घटना की संभावनाएं भी कम होंगी। उक्त अभियान में 15 स्वयं सेवियों ने अपनी सहभागिता देकर अभियान को सफल बनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास के लिए प्रतिबद्ध है और निरंतर समाज कल्याण कार्य करते रहने हेतु प्रयासरत हैं। कार्यक्रम मे महाविद्यालय से शैक्षणिक स्टाफ डॉ कांत मिश्रा, मोहम्मद मोबीन, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ शिव कैलाश यादव, सुश्री वैष्णवी द्वारको एवं सह प्रभारी डॉ राज कुमार रैदास शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### अस्सू नेमा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक फेरबदल करते हुए नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कमले की सहमति से नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निशंक जैन ने नरसिंहपुर जिले के वरिष्ठ पार्षद अस्सू नेमा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। पार्षद अस्सू नेमा लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय हैं और नगरीय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर मुखर रहे हैं। जमीनी पकड़ और साफ-सुथरी छवि के चलते पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की। वही अस्सू नेमा ने कहा कि जीतू पटवारी, डॉ. संजय कमले एवं निशंक जैन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। नगरीय निकायों की आवाज को मजबूती से प्रदेश स्तर पर उठाऊंगा।

### चलती ट्रेन के साथ घिसटता व्यक्ति हुआ घायल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गुरुवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर यात्री चलती ट्रेन के साथ करीब 60 से 70 मीटर तक घिसटता चला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नासिक निवासी 37 वर्षीय संजीव तिवारी ट्रेन से पानी भरने के लिए उतरे थे तभी यह घटना हुई। पानी भरते समय ट्रेन चलने लगी और ट्रेन पकड़ने के चक्कर मे चलती हुई गाड़ी मे चढ़ने लगा लेकिन रफ्तार तेज होने के कारण चढ़ नही पाया और साथ्ड्ढ मे घिसटता रहा वही मौजूद लोगों द्वारा गाड़ी को रोकने का कोई प्रयास नही किया गया। बताया गया कि संजीव तिवारी अपनी मां और रिश्तेदारों के साथ गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस से गोरखपुर जा रहे थे। हादसे के तुरंत बाद आरपीएफ आरक्षक हीरालाल लोधी ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस से घायल संजीव को जिला अस्पताल पहुंचाया। उन्हें शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। उनका मोबाइल ट्रेन में छूट गया था और संपर्क नंबर याद न होने के कारण परिजनों से संपर्क में दिक्कत आई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में हुए शामिल मंत्री व सांसद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और सांसद चौधरी दर्शन सिंह गुरुवार को नरसिंहपुर जिले के सींगरी नदी के पट्टा (पटपटा घाट) में पहुंचे और स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। उन्होंने नदी तट पर पैदल चलकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और स्वच्छता के कार्यों का जायजा लिया। मंत्री श्री पटेल ने अभियान के दौरान स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जनसहभागिता को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी से निरंतर सहयोग करने का आह्वान किया।

## भगवान नरसिंह की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

# विराजे नरसिंह भगवान तो नरसिंहपुर पड़ा नाम

### वास्तु व स्थापत्य कला की मिशाल है भगवान नरसिंह का मंदिर

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गुरुवार को नगर देव भगवान श्री नरसिंह जी के प्राकट्योत्सव विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। भगवान श्री नरसिंह की जयंती के दिन देर रात तक कार्यक्रम चलते रहे। इस अवसर पर सुबह से लेकर दिए रात तक श्रद्धालुओं का मेला नरसिंह मंदिर परिसर में लगा रहा पूजा पाठ भजन कीर्तन चलते रहे। दिन भर भंडारा चलता रहा। शाम के समय पूजा एवं महाआरती के बाद सांस्कृतिक और भजन कीर्तन लोकगीत हुए। वही सुबह रामधुन निकली। प्रात अभिषेक हुआ। साथ ही नरसिंह स्तंभ के दर्शन के लिए भारी भीड़भाड़ बनी रही। वही संध्या काल में सुप्रसिद्ध गायिका संजू बघेल द्वारा प्रस्तुति दी गई।

### महाआरती का हुआ आयोजन

सुबह मंदिर से प्रभात फेरी निकली। अभिषेक पूजन किया गया । दोपहर में भंडारे का आयोजन हुआ वहीं शाम को वाहन रैली निकाली गई। जिसमें भगवान नरसिंह की विशाल प्रतिमा को एक वाहन में विराजित किया गया। इस रैली का अनेक स्थानों पर स्वागत सत्कार किया गया। रैली के उपरांत देर शाम धूमधाम से महाआरती की गई। गुरुवार को सुबह से भगवान नरसिंह के मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सुबह प्रभात फेरी निकालकर कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। जाट युवा मोर्चा, श्री देव नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के आव्हान पर नगर के कई धार्मिक, सामाजिक संगठनों की भागीदारी में विविध कार्यक्रम किए गए।

### विराजे नरसिंह भगवान तो नरसिंहपुर पड़ा नाम

प्राचीन काल में जो नगर गड़रियाखेड़ा के नाम से जाना जाता था वह कालांतर में नरसिंहपुर के नाम से विख्यात हुआ। नगर को यह नाम पुरानी बसाहट में स्थापित उस मनोहारी व विशालतम नरसिंह मंदिर की बदौलत मिला है, जो लगभग सवा दो सौ वर्ष पूर्व जाट सरदार द्वारा निर्मित कराया गया था। बताया जाता है कि सन 1785 में राव राजकिशोर के पूर्वजों द्वारा मंदिर में भगवान श्री नरसिंह सहित अन्य प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा करवायी गई थी। जिसमें श्री नरसिंह भगवान दैत्यराज हिरण्यकश्यप का वध कर रहे है। भगवान नरसिंह के साथ



भगवान श्री लक्ष्मीनारायण, श्री लक्ष्मी नरसिंह व भक्त प्रहलाद की भी नयनाभिराम प्रतिमाएं यहां स्थापित हैं।

### मंदिर के तलघरा में नरसिंह स्तंभ

नरसिंह मंदिर के तलघरा में प्राकट्योत्सव के दिन यहां तलघरा में मंदिर के मुख्य आधार खंभ का दर्शन कर परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। प्राकट्योत्सव पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। देर रात यहां आयोजनों का क्रम चलता रहा। कार्यक्रम में अनेक संगठनों की भागीदारी रही। मंदिर का तलघरा जिसमें पवित्र नरसिंह खंभ स्थित है वह हर व्यक्ति की जिज्ञासा का विषय है। जो श्रद्धालु तलघरा में प्रवेश कर चुका है उसकी जिज्ञासा तो काफी हद तक शांत हो जाती है पर नया अनुभव भी मिलता है। नरसिंह मंदिर का यह तलघरा मई माह की भीषण गर्मी में भी एयर कंडीशनर का अहसास कराता है।

### तालाब में खुलती है सुरंग, स्नान करने जाती थी रानी

नरसिंह मंदिर की प्राचीनता के साथ उसमें बनायी गई बेजोड़ कलाकृतियां जहां मंदिर के महत्व को बहुगुणित कर देती है वही मंदिर से जुड़ी हुई कई किवदंतियां आज भी चर्चा में है। जाट राजा नरसिंह वार्ड में स्थित जिस बाखर में निवास करते थे वहां से नरसिंह मंदिर तक जाने वाली एक सुरंग आज भी है जो मंदिर के पीछे बने हुए तालाब में खुलती है। पूर्व में रानी इसी सुरंग के रास्ते पूजन हेतु मंदिर आती थी। कहा तो यह भी जाता है कि यहां भगवान नरसिंह तीन प्रहरों में तीन रूपों में दर्शन देते है। याने हर पहर में उनका रूप परिवर्तित हो जाता है।







### मंत्री श्री पटेल ने किया पूजन अर्चन

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और सांसद चैधरी दर्शन सिंह ने गुरुवार को भगवान नरसिंह प्रकट उत्सव के अवसर पर नरसिंह मंदिर पहुंचकर भगवान नरसिंह जी का विधि- विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान जिले की विभिन्न नदियों के उद्गम स्थलों से लाए गए पवित्र जल से भरे कलशों का पूजन कर उस जल को नरसिंह तालाब में अर्पित करते हुए जलाभिषेक किया। इसके बाद मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद चैधरी दर्शन सिंह, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे एवं रामसनेही पाठक ने पौधरोपण किया। उन्होंने रुद्राक्ष, बेल और अशोक के पौधे लगाए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शानू चैधरी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत उदय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मकान खाली करने व धमकाने का आरोप, एसपी को दिया आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहुपर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के ग्राम गरगटा निवासी श्रीमती राजकुमारी राजपूत पति वीरेन्द्र सिंह राजपूत ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन मे बताया गया है कि प्रीतम सिंह आ. सरवर सिंह राजपूत निवासी गरगटा द्वारा परिवार की जमीन को लेकर विवाद कर पीड़ति को धमका कर जान से मारने की धमकी दी गई। परिवार की जमीन पर मकान बनाने हेतु गड्ढा खोद रहा था जिसे मना करने पर अपने हाथ में बका लेकर आवेदिका के घर आया उस समय आवेदिका घर में अकेली थी तो अनावेदक द्वारा आवेदिका के घर आक कहने लगा कि मकान खाली करो हमारी जगह पर मकान बना है। यदि मकान खाली नहीं किया तो मकान ट्रैक्टर से खिसला देगा। मना करने पर बका से मारपीट करने अमादा हो गया। घटना के समय धर्मेन्द्र सिंह राजपूत आ गया था जिसने घटना देखी सुनी है। अनावेदक धर्मेन्द्र सिंह राजपूत को भी गालियां देते हुए बोला कि हमारे बीच में आया तो तू भी यहां नहीं रह पाएगा तूं भी अपना घर खाली कर दे नहीं तो जे.सी.बी. मशीन से तेरा मकान भी तोड़ देंगे। आरोपी आवेदिका व



उसके परिवार को मकान से बेदखल करना चाहता है। जबकि आवेदिका के पति ने अनावेदक व उसके परिवार वालों को 10 डिसमिल रास्ते के जमीन भी आपसी समझौता के तहत दे दी है किन्तु इसके बावजूद भी अनावेदक, आए दिन जमीनी विवाद के चलते धारदार हथियार बका कुल्हाड़ी लेकर आवेदिका के घर के सामने आकर गालीगलौज कर धमकाता रहता है जिससे आवेदिका को अपनी व अपने परिवार के लोगों की जान की सुरक्षा का डर है। पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की गई है।

# रेलवे स्टेशन परिसर में उपलब्ध रहे गौ उत्पाद

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय स्तर पर गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वदेशी परंपराओं के संरक्षण हेतु आनंद गोउत्पाद केन्द्र द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। केन्द्र के माध्यम से गोबर से निर्मित श्री गणेश जी की प्रतिमाएं, गमले, दीये एवं विभिन्न प्रकार के डेकोरेशन आर्टिकल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही हवन सामग्री और गोमूत्र से निर्मित स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद भी लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य न



केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि लोगों को प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी है। गोबर और गोमूत्र से बने ये उत्पाद पूरी तरह से प्राकृतिक, सुरक्षित और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। रेलवे स्टेशन परिसर में दुकान का उद्घाटन किया गया है। इस प्रयास में आनंद समाज कल्याण समिति एवं मां शारदा गौशाला, वृंदावन नगरी, केरपानी का विशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम में सुनील जाट, शशिकांत मिश्रा, संजय मांझी, मुकेश, शुभम उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने टीबी मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में 12 टीबी मरीजों को पोषण सहयोग के लिए फूड बास्केट प्रदान किए। टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण करना जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र द्वारा एक अभिनव पहल है। इसका उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ- साथ उनके पोषण स्तर में सुधार करना है, जिससे वे शीघ्र स्वस्थ हो सके। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने स्वयं मरीजों को फूड बास्केट वितरित कर टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीबी के इलाज में पोषण का विशेष महत्व है। इसी उद्देश्य से निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि टीबी एक पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। अतरू लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और उपचार पूरा करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह, डॉ. आर के चैधरी, आहार विशेषज्ञ मनीषा नेमा और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



# गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के तहत जन जागरण रैली



**तेंदूखेड़ा** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा परम वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक बेला में विश्व व्यापी यज्ञ उपासना के तहत आज 1 मई को गृहे गृहे गायत्री यज्ञ आयोजित किए जा रहे हैं।इस विश्वव्यापी अभियान के जन जागरण हेतु गायत्री परिजनों के माध्यम से तेंदूखेड़ा तहसील के गायत्री प्रज्ञा मंदिर काचरकोना द्वारा गुरुवार को प्रातःकाल विशाल जन जागरण रैली निकाली गई गई 1 जिसमें तहसील तेंदूखेड़ा के साथ जिले भर से सक्रीय परिजनों ने मिशन के प्रज्ञा गीत एवं जयघोषों के साथ 1 मई को होने जा रहे विश्व व्यापी गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना सफल बनाने का संकल्प लिया 1

# पुराने बस स्टैंड पर मनचले ढंग से वाहन खड़े होने से लगता है जाम





### लोडिंग-अनलोडिंग के खेल ने बढ़ाई जनता की मुसीबतें

**तेंदूखेड़ा** नगर के हृदय स्थल पुराने बस स्टैंड से लेकर मंडी चौराहे और डोभी सड़क मार्ग पर लोडिंग और अनलोडिंग बाहनों को खड़े हो जाने के चक्कर में अव्यवस्थाएं जन्म ले रही है। हालात यह हैं कि मुख्य मार्गों पर बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले छोटे और भारी वाहनों के चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। स्थानीय जवाबदार पक्षों की उदासीनता के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य मार्गों पर व्यापारिक गतिविधियों के नाम पर भारी वाहनों का प्रवेश किसी भी समय हो जाता है। नियमों के मुताबिक भारी वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए समय निर्धारित होना चाहिए। लेकिन तेंदूखेड़ा में व्यापारी और वाहन चालक अपनी मनमर्जी से सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़े कर देते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। हैरानी की बात तो यह है कि स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या से पूरी तरह अनभिज्ञ बने हुए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

पुराने बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम इलाके में पुलिस बल की तैनाती न होने से वाहन चालक बेखौफ होकर जाम लगा रहे हैं। इस समस्या के कारण न केवल पैदल चलने वाले राहगीर परेशान हैं। बल्कि आसपास के दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों और सजग वर्ग का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं। पुराने बस स्टैंड पर जाम की समस्या अब रोज की बात हो गई है। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह भारी वाहनों के प्रवेश और लोडिंग के लिए सख्त नियम बनाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।